# -:प्रेस नोट:-

## दिनांक- 18.10.2025

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा दीपावली के दृष्टिगत लगने वाले अस्थायी पटाखों के दुकानों को किया गया चेक। सुरक्षा मानकों व दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**

**विवरण**- जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा आज दिनांक 18.10.2025 को दीपावली के दृष्टिगत कस्बा बबेरु तथा बांदा शहर क्षेत्र में पं0जे0एन0 डिग्री कॉलेज ग्राउण्ड व जीआईसी ग्राउण्ड में लगी वाली अस्थायी पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पटाखा विक्रेताओं को सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों तथा आवश्यक नियमों व दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट किया कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों/आदेशों-निर्देशो का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है तथा प्रशासन इस दिशा में हर संभव कदम उठा रहा है। सभी से अपील की गई कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करें एवं त्यौहार को सुरक्षित, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने में सहयोग करें।